## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 29.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में पेश करेंगी आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य के चिकित्सकों ने केंद्रीय बजट में सरकार से झारखंड में मेडिकल फैसिलिटी बढ़ाने की मांग की।
2. झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी जिलों में अधिसूचना जारी, आज से प्रत्याशी करेंगे नामांकन, प्रशासनिक तैयारियां तेज।
3. राज्य के खनन, निर्माण और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए रांची में आज से तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन शो का हो रहा आयोजन।
4. झारखंड के तापमान में उतार–चढ़ाव जारी, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक आंशिक बादल छाने और हल्का कोहरा रहने का जताया पूर्वानुमान।
5. रांची में 69वीं राष्ट्रीय अंडर–17 हॉकी चैंपियनशिप में कल झारखंड की पुरूष और महिला टीमों ने अपने–अपने मैच 3–0 से जीतकर अगले दौर में किया प्रवेश।

*********************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 पेश करेंगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्ग दर्शन में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस सर्वेक्षण को तैयार किया है। वहीं केंद्रीय बजट 2026–27 एक फरवरी को पेश किया जाएगा।

इधर केंद्रीय बजट में राज्य के चिकित्सकों ने केंद्र सरकार से झारखंड में मेडिकल सुविधा बढ़ाने की मांग की है। झासा के अध्यक्ष डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट का प्रावधान करने की भी मांग की है।

*********************

झारखंड समेत देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूजीसी के नए नियमों को लेकर विरोध जारी है। इस बीच यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। इस मामले में कल सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि उन्हें पता है कि क्या हो रहा है। अदालत ने कहा कि सुनिश्चित करें कि खामियों को दूर किया जाए।

*********************

झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी जिलों में निर्वाचन पदाधिकारियों ने अधिसूचना जारी कर दी। आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन चार फरवरी तक चलेगा। सभी निकायों में नामांकन दिन के 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक किया जा सकेगा। आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार किसी उम्मीदवार के नामांकन के समय निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में सिर्फ तीन वाहनों और अधिकतम पांच व्यक्ति को ही प्रवेश मिलेगा। इधर पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, पाकुड़, हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने बताया कि चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गयी हैं।

वहीं देवघर जिले में देवघर नगर निगम और मधुपुर नगर परिषद  के चुनावी को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

वहीं गिरिडीह जिले में भी प्रशासन नगरपालिका चुनाव के लिए तैयार है। उपायुक्त राम निवास यादव ने बताया कि कुल 166 बूथों पर 23 फरवरी को एक लाख 77 हजार से अधिक मतदाता 59 वार्ड प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए मतदान करेंगे।

********************

आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को पूछताछ के लिए एसीबी की विशेष अदालत ने रिमांड पर लेने की अनुमति दे दी है। विनय चौबे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं, और उनका इलाज रिम्स अस्पताल में चल रहा है। एसीबी ने मामले की गहराई से जांच और साक्ष्यों के मिलान के लिए अदालत से उनकी कस्टडी मांगी थी। एसीबी ने भ्रष्टाचार के गंभीर मामले में श्री चौबे समेत कुल सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

********************

झारखंड के खनन, निर्माण और औद्योगिक विकास को नयी गति देने के उद्देश्य से रांची के धुर्वा में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग एंड कंस्ट्रक्शन शो का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे। समारोह में खनन एवं औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ऑल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ़ आसाम के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक फरवरी को मार्घेरिटा बोर्गोलाई फील्ड, तिनसुकिया, असम में आयोजित होने वाली आदिवासी महासभा 2026 में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

********************

गिरिडीह जिले की तिसरी थाना पुलिस ने अपहृत दो नाबालिग लड़कियों को 5 दिन बाद बरामद कर लिया है। खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि तिसरी थाना क्षेत्र के एक गांव से दो नाबालिग किशोरी के अपहरण होने की खबर मिली थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों किशोरियों को सुरक्षित बरामद कर लिया है।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के विभिन्न भागों में आज आंशिक बादल रहने का अनुमान जताया है। वहीं 30 जनवरी और 31 जनवरी को सुबह के वक्त हल्का कोहरा के बाद दिन में आसमान साफ रहेगा। इधर राज्यभर के तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

********************

राजधानी रांची में 69वीं राष्ट्रीय अंडर–17 हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मेजबान झारखंड के लड़के और लड़कियों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने मैच 3–0 से जीते और अगले दौर में प्रवेश किया। लड़कों के वर्ग में झारखंड ने चंडीगढ़ को हराया, जबकि लड़कियों के वर्ग में टीम ने गुजरात पर 3–0 से जीत दर्ज की। देश भर से कुल 63 टीमें चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं।

********************

## प्रमुख अखबारों की सुर्खिया

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अख़बारों ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की प्लेन क्रैश में मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

प्रभात खबर ने झारखंड में नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने और नामांकन आज से शुरू होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिंदुस्तान ने आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को एसीबी की ओर से रिमांड पर लिये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– परीक्षा फर्स्ट पेपर की, बांट दिया सेकेंड पेपर का प्रश्न पत्र।

दैनिक जागरण ने यूजीसी के नियमों के खिलाफ आज सुनवाई होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

**************